PB **4101-R**

Roll No. _____ Total No. of Pages: 04

B.A./B.Sc./B.Com./B.Com. (Hons.)/B.A. B.Ed./B.Sc. B.Ed./ Professional Courses
(Semester-I) Examination - Dec. - 2025
General Hindi
(सामान्य हिन्दी)
Compulsory Paper
(Only for Regular/Ex Candidates)

Time Allowed: 1½ Hours **Maximum Marks: 50**

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। ओ.एम.आर. शीट पर निर्देश पढ़ कर सही उत्तर (A/B/C/D) अंकित करने के लिए संबंधित वृत्त को एच.बी. पेन्सिल/बॉल पेन से काला कीजिये। सामान्य हिन्दी अनिवार्य प्रश्न-पत्र में कुल 50 प्रश्न है, प्रश्नों की क्रम संख्या 01 से 50 तक निर्धारित है।

1. पाठ्यक्रम में संकलित 'जागो फिर एक बार' कविता के लेखक हैं?
(A) रामधारी सिंह दिनकर (B) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला
(C) जयशंकर प्रसाद (D) गिरिजा कुमार माथुर

2. मैथिलीशरण गुप्त किस युग के कवि हैं?
(A) छायावाद युग (B) नई कविता
(C) समकालीन कविता (D) द्विवेदी युग

3. हिमालय के आँगन में शीर्षक गीत जयशंकर प्रसाद के किस नाटक से लिया गया है?
(A) चन्द्रगुप्त (B) स्कन्दगुप्त
(C) ध्रुवस्वामिनी (D) अजातशत्रु

4. 'भारत भारती के रचयिता कौन हैं?
(A) सियाराम शरण गुप्त (B) मैथिली शरण गुप्त
(C) भगवती प्रसाद बाजपेयी (D) रामनरेश त्रिपाठी

5. निम्नलिखित में रामधारी सिंह दिनकर की रचना नहीं है।
(A) उर्वशी (B) सामधेनी
(C) आँसू (D) रश्मि रथी

6. 'हम रमता बनकर बिचरे पर हमें भिक्षु समझे जग के जन!' पंक्ति निम्नलिखित में से किस कविता से है?
(A) हम अनिकेत (B) दिल्ली
(C) झाँसी की रानी (D) बादल को घिरते देखा है

7. ''चमक उठी सन् सत्तावन में, वह तलवार पुरानी थी।''
सन् सत्तावन कौन सा?
(A) 1557 (B) 1657
(C) 1957 (D) 1857

8. जी हाँ हुजूर, मैं गीत बेचता हूँ,
मैं तरह तरह के गीत बेचता हूँ,
इस गीत के रचयिता हैं :
(A) भवानी प्रसाद मिश्र (B) नागार्जुन
(C) जयशंकर प्रसाद (D) महादेवी वर्मा

9. पाठ्यक्रम में संकलित 'पन्द्रह अगस्त' कविता के रचयिता हैं :
(A) गिरिजा कुमार माथुर (B) श्रीकांत वर्मा
(C) बालकृष्ण शर्मा नवीन (D) रघुराज सिंह हाड़ा

10. 'मैं हार नहीं मानूँगा'' कविता के रचयिता हैं :
(A) लालकृष्ण आडवानी (B) अटल बिहारी बाजपेयी
(C) अशोक बाजपेयी (D) श्रीकांत वर्मा

11. आदिम काल से ही जीवन रक्षा के लिए बहुत जरूरी थे :
(A) दाँत (B) हाथ
(C) नाखून (D) बाल

12. ''नाखून क्यों बढ़ते हैं'' निबन्ध में द्विवेदी जी ने मनुष्य की चरितार्थता किस बात में मानी है :
(A) प्रेम में (B) प्रेम में, मैत्री में, त्याग में
(C) स्वहित में (D) परोपकार में

13. 'राष्ट्र का स्वरूप' निबन्ध के लेखक हैं :
(A) रामवृक्ष बेनीपुरी (B) रांगेयराघव
(C) वासुदेव शरण अग्रवाल (D) कुबेर नाथ राय

14. 'गेहूँ बनाम गुलाब' रचना गद्य साहित्य की किस विधा में रचित है :
(A) संस्मरण (B) शब्द चित्र
(C) रिपोर्ताज (D) रेखा चित्र

15. 'भवानी शंकरौ वन्दे' निबन्ध कुबेर नाथ राय के किस संकलन से लिया गया है?
(A) प्रिया नीलकंठी (B) महाकवि की तर्जनी
(C) निषाद बाँसुरी (D) गन्ध मादन

16 बेनी माधव सिंह किस गांव के जमींदार और नम्बरदार थे?
(A) गौरीपुर गाँव (B) रामपुर गाँव
(C) जगतपुर गाँव (D) बलरामपुर गाँव

17 रांगेय राघव की रचना का नाम है :
(A) उत्सर्ग (B) राष्ट्र का स्वरूप
(C) अदम्य जीवन (D) घीसा

18 'गाँधी जी से भेंट' रचना किस साहित्यिक विधा में रचित है :
(A) संस्मरण (B) नाटक
(C) निबन्ध (D) आत्मकथा

19 'उत्सर्ग' के रचनाकार हैं :
(A) राजेन्द्र प्रसाद (B) रामकुमार वर्मा
(C) महादेवी वर्मा (D) वृन्दावन लाल वर्मा

20 महादेवी की 'घीसा' किस विधा की रचना है :
(A) संस्मरण (B) आत्मकथा
(C) एकांकी (D) रिपोर्ताज

21. पौ + अन शब्द की संधि करने पर शब्द होगा :
(A) पवन (B) पावन
(C) पौन (D) पैयन

22 'परमेश्वर' का संधि विच्छेद होगा :
(A) परमे+श्वर (B) परम+एश्वर
(C) परमो+ईश्वर (D) परम+ईश्वर

23. 'प्रतिदिन' में कौन सा समास है :
(A) अव्ययी भाव (B) कर्मधारय
(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

24. द्विगु समास का उदाहरण होगा :
(A) लम्बोदर (B) कुपुत्र
(C) नील कमल (D) षटकोण

25. 'प्राक्कथन' में उपसर्ग है :
(A) प्रा (B) प्राक्
(C) प्राग् (D) परा

26. 'संयोग' शब्द में उपसर्ग है :
(A) सम् (B) सु
(C) निस् (D) ग

27. निम्नलिखित में से किस प्रत्यय से लड़ाई शब्द बना है :
(A) ड़ाई (B) आई
(C) ताई (D) इन

28. निम्नांकित में से 'इक' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है :
(A) नैयायिक (B) शैसगिक
(C) अधिक (D) आलोकित

29. 'आवृत्त' का विलोम है :
(A) अनावृत्त (B) आच्छादित
(C) अनागत (D) ऐतिहासिक

30. विलोम शब्दों की दृष्टि से कौन सा जोड़ा अशुद्ध है?
(A) संत-असंत (B) सौभाग्य-दुर्भाग्य
(C) सुपुत्र-कुपुत्र (D) सुगम-आगम

31. 'आकाश' का पर्यायवाची है :
(A) सलिल (B) नीरद
(C) व्योम (D) धन

32. इनमें 'गधा' का पर्यायवाची शब्द कौन सा है?
(A) अश्व (B) रासभ
(C) नंदिनी (D) सुरभि

33. निम्नलिखित में 'के लिए' कारक है :
(A) कर्त्ता (B) कर्म
(C) सम्बन्ध (D) सम्प्रदान

34. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है :
(A) आर्शीवाद (B) सन्यासी
(C) पतनी (D) उज्ज्वल

35. वर्तनी की दृष्टि में कौन सा शब्द शुद्ध है?
(A) अतिथि (B) अतिथी
(C) अतीथि (D) अतीथी

36. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है :
(A) उसका पता मेरे को मालूम नहीं (B) मुझे केवल मात्र पाँच मिनिट चाहिए
(C) यहाँ ठंडा कूलर का पानी मिलता है (D) कबीर ने अपने मित्र को पुस्तक दी

37. 'आग में घी डालना' मुहावरे का अर्थ है:
(A) आग जलाना (B) उछलना
(C) क्रोध को भड़काना (D) आग बुझाना

38. 'जमीन आसमान एक करना' मुहावरे का अर्थ है:
(A) अहंकार में रहना (B) जमीन आसमान नापना
(C) कठिन परिश्रम करना (D) कार्य सिद्ध होना

39. 'उलटे बाँस बरेली को' लोकोक्ति का अर्थ है:
(A) विपरीत दिशा में चलना (B) दुविधा ग्रस्त होना
(C) अज्ञानी होना (D) उल्टी रीति अपनाना

40. 'सुत-सूत' शब्द युग्म का अर्थ है :
(A) पुत्र-वस्त्र (B) वस्त्र-पुत्र
(C) पुत्र-धागा (D) बेटा-बेटी

41. तरणी-तरणि शब्द युग्म का अर्थ है :
(A) नौका-नदी (B) नदी-समुद्र
(C) नौका-सूर्य (D) युवती-सूर्य

42. तत्सम शब्द का चयन कीजिए :
(A) अग्नि (B) आग
(C) रात (D) सांझ

43. तद्भव शब्द का चयन कीजिए :
(A) हाथी (B) स्थाली
(C) अश्व (D) रासभ

44. देशज शब्द का चयन कीजिए :
(A) सुबह (B) प्रभात
(C) प्रातः (D) भिनौखा

45. अनेकार्थी 'हरिण' शब्द का अर्थ है :
(A) सूर्य (B) चन्द्रमा
(C) मृग (D) सलिल

46. 'भारत' है
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) विशेषण (D) क्रिया

47. 'काली गाय में' विशेषण है :
(A) गाय (B) काली
(C) में (D) कोई नहीं

48. परिभाषिक शब्द NOTICE का अर्थ है :
(A) सूचना (B) विज्ञप्ति
(C) सूची (D) अधिसूचना

49. 'ट्रेन शब्द है :
(A) अंग्रेजी (B) बंगाली
(C) मराठी (D) हिन्दी

50. 'जिसकी बुद्धि कुश की नोंक के समान तीखी है' :
(A) तीक्ष्ण बुद्धि (B) तीव्र बुद्धि
(C) तीखी बुद्धि (D) कुशाग्र बुद्धि